कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, महराजगंज।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या-1928/S.F.C.M.Cell/Lucknow दिनांकित 28.02.2026 के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि परिवार न्यायालय में जिन परामर्शदाताओं की नियुक्ति शासकीय अधिसूचना संख्या-05/2020/281/VII-न्याय-2-2020-153G/19 दिनांकित-17.02.2020 के द्वारा की गयी थी और जिनके कार्य अवधि को शासकीय अधिसूचना संख्या-1192/VII-न्याय-2-2022-101G/2022 दिनांकित-10.01.2023 से व शासकीय अधिसूचना संख्या-196/VII-न्याय-2-2023-101G-2022 दिनांकित-13.03.2019 से विस्तारित किया गया था उनका पुनः कार्य अवधि विस्तारित नहीं किया जा सकता। अतः पुनः पदो का विज्ञापन जारी कर शासन को भेजे जाने व उसकी सूचना माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित किया जाए। परिवार न्यायालय महराजगंज में नियुक्त तीन परामर्शदाता वर्ष 2020 में नियुक्त हुए थे। जिनके कार्य अवधि का विस्तार शासकीय अधिसूचना संख्या-196/7-न्याय-2-2023-101G/2022 दिनांकित-13.03.2023 से किया गया है। अतः उनका कार्य अवधि विस्तार नहीं होना है।

परिवार न्यायालय, महराजगंज में उत्तर प्रदेश परिवार न्यायालय नियमावली-1995 के नियम-26(1) के अन्तर्गत परामर्शदाताओं की नियुक्ति की जानी है जिसके लिये इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है।

चयन हेतु निर्धारित अर्हता एवं शर्तेः-

1- आवेदक जनपद महराजगंज का निवासी होना चाहिये।

2- आवेदक समाज शास्त्र अथवा मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और उसे समाज सेवा का भी अनुभव हो। मास्टर डिग्री धारक तथा पारिवारिक काउन्सिलिंग में जिन्हें दो वर्ष का अनुभव होगा उन्हें वरीयता दी जायेगी।

3- विज्ञापन की तिथि को आवेदक की आयु 35 वर्ष से कम व 65 वर्ष से अधिक नही होगी चाहिये।

4- परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति 03 वर्ष के लिये की जायेगी।

5- परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी। वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

6- आवेदन-पत्र दिनांक-24.03.2026 की सायंकाल-04:00 बजे तक प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, महराजगंज के कार्यालय में प्राप्त कराना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं होगा।

09/03/26

प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
महराजगंज।
09.03.2026

परामर्शदाता पद हेतु

आवेदन पत्र का प्रारूप

1-आवेदक का नाम- आवेदक का फोटो

2-पिता का नाम-

3 स्थाई पता-

4-जन्मतिथि5- विज्ञापन की विधि को आयु- वर्ष-----, माह------, दिन--------

6-शैक्षिक योग्यता (प्रमाण-पत्र संलग्न करें)-

7-अनुभव-

8 जाति तथा वर्ग-

9- पत्र व्यवहार का पता-

10- संपर्क नम्बर (मोबाइल-----------, व्हाट्सएप--------------,
ई-मेल आई०डी०-------------------------------)

11- क्या कोई अपराधिक मुकदना लम्बित है-
अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है (यदि हाँ-तो विवरण दें)

12- वर्तमान कार्य क्षेत्र-

आवेदक का हस्ताक्षर

» विज्ञप्ति की एक प्रति माननीय उच्च न्यायालय के बेबसाइट पर डाला जाए।

» विज्ञप्ति की एक प्रति समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु भेजा जाए।

» विज्ञप्ति की प्रतियाँ जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड, मध्यस्थता केन्द्र व परिवार न्यायालय के कार्यालय के बाहर चस्पा किया जाए।

09/03/24

प्रधान न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय, महराजगंज